**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 774**
**सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)**

**रोजगार मेला**

774. **श्री राजेन्द्र अग्रवालः**
**श्री नामा नागेश्वर रावः**
**श्रीमती प्रतिमा मण्डलः**
**श्री पी.वी. मिधुन रेड्डीः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास राज्य सरकार के परामर्श से देशभर में जिला स्तर पर रोजगार मेले आयोजित करने की कोई योजना है, यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश सहित देशभर में आयोजित रोजगार मेलों की संख्या और इसके परिणाम संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है तथा इससे देशभर के बेरोजगार युवाओं को किस हद तक सहायता मिलेगी;

(ख) रोजगार मेला के माध्यम से नौकरी प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या, चयन के लिए मानदंड और प्रक्रिया सहित नौकरी प्रदान करने वाले विभागों और नौकरी प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रोजगार मेले का अगला समूह प्रारम्भ किया जाएगा और इस मेले के माध्यम से कितने उम्मीदवारों को नौकरी प्रदान की जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान कितने रोजगार मेलों का आयोजन किया गया तथा इसके परिणामस्वरूप सृजित की गई और प्रदान की गई नौकरियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने विशेष रूप से टीयर-दो एवं टीयर-तीन शहरों में रोजगार मेलों की संख्या बढ़ाने के संबंध में कोई कदम उठाया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) क्या सरकार ने आभासी रोजगार मेलों के संबंध में ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की ढांचागत बाधाओं को दूर किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (च): रोजगार मेला, युवाओं के बीच रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

राज्य सरकारों/मंत्रालयों/विभागों आदि द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत नियमित रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं।

सरकार विभिन्न प्रकार की करियर संबंधी सेवाएं जैसे नौकरी मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी आदि प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को लागू कर रही है। एनसीएस परियोजना के तहत रोजगार मेला बढ़ाने के उद्देश्य से टीयर-दो और टीयर-तीन शहरों सहित सभी राज्यों में रोजगार मेला आयोजित करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान की जाती है। एनसीएस परियोजना में जिला स्तर पर प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए रोजगार मेले के आयोजन सहित करियर संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए, राज्यों/संस्थानों के साथ मिलकर आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना इसका एक भाग है। अब तक, सरकार ने 370 से अधिक आदर्श करियर केंद्रों को स्वीकृति दी है। एमसीसी में नियमित रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। रोजगार मेले में उम्मीदवार के चयन का मानदंड और प्रक्रिया, नियोक्ता से नियोक्ता में भिन्न-भिन्न होती है।

एनसीएस पोर्टल (**www.ncs.gov.in**) में, ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में ढांचागत बाधाओं को दूर करने के लिए, एमसीसी के माध्यम से वर्चुअल/ऑनलाइन रोजगार मेले आयोजित करने का एक मॉड्यूल है।

एनसीएस के तहत उत्तर प्रदेश सहित गत पांच वर्षों में आयोजित रोजगार मेलों का विवरण अनुबंध **I** में दिया गया है।

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के दौरान जिलेवार आयोजित रोजगार मेलों का विवरण अनुबंध **II** में दिया गया है।

इसके अलावा, सरकार द्वारा देश भर में रोज़गार मेला कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और अब तक केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकायों और बैंकों आदि द्वारा लगभग 1.47 लाख नई नियुक्तियों की गई है।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा के दिनांक 12.12.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 774 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एनसीएस के तहत आयोजित रोजगार मेलों का विवरण और चयनित उम्मीदवारों की संख्या**
**(1.4.2017-30.11.2022)**

| क.सं. | राज्य | कुल रोजगार मेले | चयनित अभ्यर्थी |
|---|---|---|---|
| 1 | अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह | 8 | 878 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1990 | 23078 |
| 3 | असम | 197 | 3223 |
| 4 | बिहार | 542 | 9363 |
| 5 | छत्तीसगढ | 1496 | 18827 |
| 6 | दिल्ली | 58 | 381 |
| 7 | गोवा | 11 | 607 |
| 8 | गुजरात | 2765 | 345907 |
| 9 | हरियाणा | 198 | 6993 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 1009 | 20549 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 60 | 3800 |
| 12 | झारखंड | 643 | 43288 |
| 13 | कर्नाटक | 944 | 57534 |
| 14 | केरल | 1909 | 18259 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 824 | 98205 |
| 16 | महाराष्ट्र | 790 | 23655 |
| 17 | मणिपुर | 157 | 2186 |
| 18 | ओडिशा | 416 | 17692 |
| 19 | पुडुचेरी | 112 | 2287 |
| 20 | पंजाब | 5766 | 424610 |
| 21 | राजस्थान | 648 | 40449 |
| 22 | सिक्किम | 7 | 40 |
| 23 | तमिलनाडु | 518 | 41774 |
| 24 | तेलंगाना | 782 | 3762 |
| 25 | त्रिपुरा | 58 | 2364 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 2067 | 199220 |
| 27 | उत्तराखंड | 174 | 10065 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 219 | 599 |
| 29 | दमन और दीव | 6 | 1116 |
| 30 | नागालैंड | 4 | 31 |
| 31 | चंडीगढ़ | 14 | 143 |
| 33 | मेघालय | 6 | 52 |
| 34 | अरुणाचल प्रदेश | 5 | 2 |

**अनुबंध- II**

**लोक सभा के दिनांक 12.12.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 774 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पिछले दो वर्षों में उत्तर प्रदेश में जिलेवार रोजगार मेलों का आयोजन किया गया**
**(1.4.2020-30.10.2022)**

| क.सं. | जिला | आयोजित रोजगार मेलों की संख्या | चयनित अभ्यर्थी |
|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 60 | 8716 |
| 2 | अलीगढ़ | 61 | 11384 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 30 | 5733 |
| 4 | अमेठी | 32 | 4167 |
| 5 | औरैया | 22 | 1610 |
| 6 | अयोध्या | 51 | 7818 |
| 7 | आजमगढ़ | 49 | 5304 |
| 8 | बागपत | 21 | 1277 |
| 9 | बहराइच | 38 | 3786 |
| 10 | बलिया | 28 | 3827 |
| 11 | बलरामपुर | 20 | 2449 |
| 12 | बाँदा | 47 | 3090 |
| 13 | बाराबंकी | 33 | 5254 |
| 14 | बरेली | 70 | 17276 |
| 15 | बस्ती | 53 | 8270 |
| 16 | बिजनौर | 23 | 4767 |
| 17 | शाहजहांपुर | 24 | 8085 |
| 18 | बुलंदशहर | 53 | 4323 |
| 19 | चंदौली | 19 | 2823 |
| 20 | चित्रकूट | 16 | 1289 |
| 21 | देवरिया | 62 | 5199 |
| 22 | एटा | 32 | 2106 |
| 23 | इटावा | 28 | 3790 |
| 24 | फतेहगढ़ | 35 | 4899 |
| 25 | फतेपुर | 41 | 3375 |
| 26 | फिरोजाबाद | 39 | 4820 |
| 27 | गौतम बुद्ध नगर | 109 | 6899 |
| 28 | गाज़ियाबाद | 50 | 4586 |
| 29 | गाजीपुर | 41 | 6194 |
| 30 | गोंडा | 40 | 5400 |
| 31 | गोरखपुर | 53 | 12410 |
| 32 | हमीरपुर | 33 | 3141 |
| 33 | हापुड़ | 36 | 2994 |
| 34 | हरदोई | 30 | 6561 |
| 35 | हाथरस | 34 | 4508 |
| 36 | जौनपुर | 25 | 2357 |
| 37 | झांसी | 32 | 12411 |
| 38 | ज्योतिबा फुले नगर | 23 | 1419 |
| 39 | कन्नुज | 28 | 2433 |
| 40 | कानपुर | 90 | 12316 |

| क.सं. | जिला | आयोजित रोजगार मेलों की संख्या | चयनित अभ्यर्थी |
|---|---|---|---|
| 41 | कानपुर देहात | 36 | 2367 |
| 42 | कांशीराम नगर (कासगंज) | 38 | 3174 |
| 43 | कौशाम्बी | 22 | 1185 |
| 44 | कुशीनगर | 45 | 4205 |
| 45 | लखीमपुर खीरी | 31 | 3783 |
| 46 | ललितपुर | 42 | 3917 |
| 47 | लखनऊ | 62 | 8819 |
| 48 | महाराजगंज | 30 | 3247 |
| 49 | महोबा | 36 | 4016 |
| 50 | मैनपुरी | 41 | 5221 |
| 51 | मथुरा | 28 | 3248 |
| 52 | मऊ | 52 | 7097 |
| 53 | मेरठ | 76 | 8841 |
| 54 | मिर्जापुर | 47 | 11186 |
| 55 | मुरादाबाद | 35 | 4050 |
| 56 | मुजफ्फरनगर | 30 | 7116 |
| 57 | जालौन | 36 | 4680 |
| 58 | पीलीभीत | 30 | 4427 |
| 59 | प्रतापगढ़ | 43 | 4531 |
| 60 | प्रयागराज | 41 | 8329 |
| 61 | रायबरेली | 43 | 6659 |
| 62 | रामपुर | 29 | 3684 |
| 63 | सहारनपुर | 45 | 8445 |
| 64 | संभल (भीम नगर) | 23 | 1052 |
| 65 | संत कबीर नगर | 28 | 3343 |
| 66 | संत रविदास नगर | 28 | 4509 |
| 67 | शाहजहांपुर | 52 | 6846 |
| 68 | शामली (प्रबुद्ध नगर) | 30 | 2284 |
| 69 | श्रावस्ती | 24 | 2268 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 26 | 2851 |
| 71 | सीतापुर | 44 | 5117 |
| 72 | सोनभद्र | 44 | 5998 |
| 73 | सुल्तानपुर | 36 | 4918 |
| 74 | उन्नाव | 41 | 3276 |
| 75 | वाराणसी | 59 | 18933 |